तापमान

अधिकतम 36.0 डिग्री

न्यूनतम 24.0 डिग्री

हरिभूमि

# वनांचल भूमि

रायपुर, गुरुवार 30 अप्रैल 2026

बस्तर | दंतेवाड़ा | बीजापुर | सुकमा | कांकेर | कोण्डागांव | नारायणपुर



12 मयूर डोंगर में माता की भव्य जतरा : आस्था और श्रद्धा ...





13 प्रमोद हुए सावित्रीबाई फुले राष्ट्रीय नवाचारी ...




## जिले का 10वीं में 90.60 प्रतिशत और 12वीं में 92.34 प्रतिशत रहा परिणाम

# बोर्ड परीक्षा में बस्तर का दमदार प्रदर्शन, बेटियों ने फिर बढ़ाया मान

### टॉप टेन में 30 विद्यार्थियों ने दर्ज कराई उपस्थिति

हरिभूमि न्यूज ⏭ जगदलपुर

छत्तीसगढ़ माध्यमिक शिक्षा मंडल द्वारा बुधवार को घोषित 10वीं और 12वीं बोर्ड परीक्षा परिणामों में बस्तर जिले ने उल्लेखनीय उपलब्धि हासिल की। जिले का समग्र परिणाम अत्यंत उत्साहजनक रहा, जहां 10वीं बोर्ड में 90.60 प्रतिशत और 12वीं बोर्ड में 92.34 प्रतिशत परीक्षा परिणाम दर्ज किया गया। यह उपलब्धि न केवल शिक्षा व्यवस्था की मजबूती को दर्शाती है, बल्कि विद्यार्थियों की मेहनत और शिक्षकों के मार्गदर्शन का भी प्रमाण है।

■ लड़कियों ने दोनों बोर्ड में लड़कों से बेहतर प्रदर्शन कर रचा सफलता का नया अध्याय

इस वर्ष भी दोनों बोर्ड परीक्षाओं में लड़कियों ने शानदार प्रदर्शन करते हुए लड़कों से बेहतर परिणाम दर्ज किए। 10वीं बोर्ड में लड़कियों का परीक्षा परिणाम 93 प्रतिशत रहा, जबकि लड़कों का 88 प्रतिशत। वहीं 12वीं बोर्ड में लड़कियों ने 93.60 प्रतिशत सफलता हासिल की, जबकि लड़कों का परिणाम 90.78 प्रतिशत रहा। यह आंकड़े स्पष्ट करते हैं कि शिक्षा के क्षेत्र में बेटियां लगातार नई ऊंचाइयों को छू रही हैं।

बस्तर जिले से 12वीं बोर्ड में 18 विद्यार्थियों ने टॉप टेन सूची में स्थान बनाया, जबकि 10वीं बोर्ड में 12 विद्यार्थियों ने मेरिट सूची में जगह बनाकर जिले का गौरव बढ़ाया। जिला शिक्षा अधिकारी बलीराम बघेल ने बताया कि दोनों बोर्ड परीक्षाओं का प्रदर्शन जिले के लिए अत्यंत संतोषजनक है और यह आने वाले वर्षों के लिए प्रेरणास्रोत बनेगा। 10वीं बोर्ड परीक्षा में कुल 8842 परीक्षार्थी सम्मिलित हुए। इनमें 4281 बालक और 4561 बालिकाएं थीं। घोषित परिणाम में 4271 बालक एवं 4550 बालिकाएं उत्तीर्ण हुईं।





### 10वीं बोर्ड में जिले में ये रहे अव्वल

*10वीं की मेरिट सूची में डोलेश्वरी यदु प्रथम स्थान पर रहीं। दूसरे स्थान पर रचना कुलपति तथा कामना ठाकुर, तीसरे स्थान पर मोनल यलदी, चौथे स्थान पर वेदिका, पांचवें स्थान पर टिंवकल साहू, छठे स्थान पर खुशी झा, सातवें स्थान पर दीक्षा सिन्हा, आठवें स्थान पर सुबोजित मोर्य, नवमे स्थान पर संस्कार एवं प्रियांस तिवारी तथा दसवें स्थान पर यदुनंदन यदु शामिल रहे।*

### 12वीं बोर्ड जिले में ये रहे अव्वल

12वीं बोर्ड की मेरिट सूची में शासकीय हायर सेकंडरी स्कूल जगदलपुर के कल्याण मिश्रा ने 93.4 प्रतिशत अंकों के साथ सर्वोच्च स्थान प्राप्त किया। दूसरे स्थान पर जैबेल हायर सेकंडरी की जमुना, तीसरे स्थान पर एनएमडीसी डीएवी स्कूल धनपुंजी की अनामिका सुलेमान,चौथे स्थान पर स्वामी आत्मानंद स्कूल बस्तर की दर्शिता तिवारी तथा शासकीय हायर सेकंडरी स्कूल जैबेल की रवीना रहीं। पांचवें स्थान पर प्रयास आवासीय विद्यालय जगदलपुर की पूजा मंडावी, छठे स्थान पर शासकीय बीजीएस स्कूल जगदलपुर की प्रियांशी एवं अंकित पंडित, सातवें स्थान पर शासकीय हायर सेकंडरी स्कूल जैबेल की देवकी, अंकिता, सरस्वती शिशु मंदिर हायर सेकंडरी स्कूल कन्गोली के प्रेरक साहू तथा श्री विद्यापति अकादेमी अघनपुर की आन्या रहीं। आठवें स्थान पर प्रयास आवासीय विद्यालय जगदलपुर के सोनू मरकाम तथा स्वामी आत्मानंद शासकीय उत्कृष्ट इंग्लिश मीडियम स्कूल के अजय कुमार मोर्य रहे। नवमे स्थान पर प्रयास आवासीय विद्यालय जगदलपुर की अंकिता मरकाम एवं नीतीश भोआर्य रहे। जबकि दसवें स्थान पर शासकीय हायर सेकंडरी स्कूल की पुष्पलता तथा शासकीय प्रयास आवासीय विद्यालय की याचिका नेताम ने सफलता अर्जित की। सभी सफल विद्यार्थियों को सांसद महेश कश्यप तथा विधायक एवं भाजपा प्रदेशाध्यक्ष किरण देव ने शुभकामनाएं प्रेषित की हैं।

### बस्तर की शिक्षा यात्रा को मिली नई दिशा

*इस वर्ष के बोर्ड परीक्षा परिणामों ने यह सिद्ध कर दिया कि बस्तर अब केवल संभावनाओं का क्षेत्र नहीं, बल्कि उपलब्धियों की नई मिसाल बन चुका है। 10वीं और 12वीं दोनों बोर्ड में उच्च सफलता प्रतिशत, टॉप टेन में बड़ी संख्या में विद्यार्थियों की उपस्थिति और बेटियों का उत्कृष्ट प्रदर्शन जिले की शैक्षिक प्रगति का स्पष्ट संकेत है। यह परिणाम आने वाले वर्षों में शिक्षा के प्रति विश्वास को और मजबूत करेगा तथा विद्यार्थियों को नई प्रेरणा देगा।*

## खबर संक्षेप

### ग्रीष्मकालीन जूडो-कराते प्रशिक्षण शिविर एक से

**जगदलपुर।** बस्तर जिला जूडो संघ व गोसुकुरियो कराते दो एसोसिएशन ब्रांच जगदलपुर के द्वारा एक मई से 10 जून तक युवाओं और बच्चों में आत्मरक्षा तथा शारीरिक फिटनेस को बढ़ावा देने के उद्देश्य से ग्रीष्मकालीन जूडो-कराते प्रशिक्षण शिविर का आयोजन किया जा रहा है। यह प्रशिक्षण शिविर प्रतिदिन शाम 5 बजे से 6.15 बजे तक आयोजित होगा। यह शिविर विद्या ज्योति स्कूल ग्राउंड, जगदलपुर में आयोजित किया जाएगा, जिसमें शहर के बच्चे, किशोर एवं युवा भाग ले सकते हैं। शिविर में प्रतिभागियों को जुडो और कराते की बुनियादी तकनीकों के साथ-साथ आत्मरक्षा के महत्वपूर्ण गुर भी सिखाए जाएंगे। जुडो कराते कोच अब्दुल मोइन ने बताया कि इस प्रशिक्षण शिविर का मुख्य उद्देश्य युवाओं को खेलों के प्रति प्रेरित करना, अनुशासन और आत्मविश्वास बढ़ाना तथा उन्हें आत्मरक्षा के लिए सक्षम बनाना है।



### 5वीं और आठवीं के परीक्षा परिणाम घोषित होंगे आज

**जगदलपुर।** बस्तर जिले के हजारों स्कूली बच्चों का इंतजार अब खत्म होने को है, क्योंकि जिला शिक्षा अधिकारी कार्यालय द्वारा कक्षा 5वीं और 8वीं की परीक्षाओं के परिणाम घोषित करने की आधिकारिक तिथि तय कर दी गई है। पांचवीं और आठवीं की यह परीक्षा बोर्ड परीक्षाओं की तर्ज पर आयोजित की गई थी। जिला शिक्षा अधिकारी कार्यालय से मिली जानकारी के अनुसार गुरुवार 30 अप्रैल को इन दोनों महत्वपूर्ण कक्षाओं के नतीजे जारी किए जाएंगे, जिसे लेकर छात्रों और अभिभावकों के बीच खासा उत्साह का माहौल है।

### व्यापम प्री-पॉलीटेक्निक प्रवेश परीक्षा होगी 7 मई को

**जगदलपुर।** छत्तीसगढ़ व्यावसायिक परीक्षा मण्डल द्वारा आगामी 7 मई को प्री-पॉलीटेक्निक प्रवेश परीक्षा का आयोजन किया जा रहा है। यह परीक्षा शासकीय काकतीय पीजी कॉलेज धरमपुरा-2 में सुबह 10 बजे से दोपहर 1.15 बजे तक आयोजित की जाएगी, जिसमें कुल 115 परीक्षार्थी सम्मिलित होंगे। परीक्षा हेतु जारी दिशा-निर्देश के तहत परीक्षार्थियों को परीक्षा शुरू होने से ठीक ढाई घंटे पहले केंद्र पर उपस्थित होना अनिवार्य होगा। मुख्य द्वार पर ही मेटल डिटेक्टर के माध्यम से सभी परीक्षार्थियों की सघन जांच की जाएगी और इसके बाद ही उन्हें भीतर प्रवेश दिया जाएगा। परीक्षा के संचालन के लिए जिला प्रशासन ने नोडल अधिकारी के रूप में डिप्टी कलेक्टर मनीष कुमार वर्मा को जिम्मेदारी सौंपी है। उनके साथ समन्वय के लिए शासकीय काकतीय पीजी कॉलेज के प्राचार्य डॉ. अनिल श्रीवास्तव और सहायक समन्वयक के रूप में डॉ. अजय सिंह ठाकुर को नियुक्त किया गया है।

### बीमा कंपनी अदा करेगी वाहन मरम्मत व्यय की राशि 4 लाख

**जगदलपुर।** जिला उपभोक्ता आयोग द्वारा एक प्रकरण में आवेदक को चोलामंडलम एमएस जनरल इंश्योरेंस कंपनी रायपुर द्वारा वाहन क्षतिग्रस्त होने पर मरम्मत व्यय की राशि 4 लाख रुपए एवं मानसिक क्षतिपूर्ति हेतु 10 हजार पृथक से देय होगा। उक्त आदेश आयोग की अध्यक्ष सुजाता जसवाल, सदस्य सीमा गोलछा की संयुक्त खंडपीठ द्वारा जारी किया गया। न्यायालयीन सूत्रों से प्राप्त जानकारी के अनुसार छिंदगढ़ निवासी महादेव सिंह नेगी द्वारा अपनी ⏭ शेष पेज 12 पर



# 6 लाख के हल्दू, तेंदू का 24 लट्ठा सहित 16 चक्का ट्रक जब्त



हरिभूमि न्यूज ⏭ जगदलपुर

बस्तर जिले अंतर्गत भानपुरी परिक्षेत्र बनियागांव के आमादुला गांव में इमारती पेड़ों की कटाई करने की सूचना वन विभाग को मिली। इस पर मंगलवार को विभाग जगदलपुर वृत्त के मुख्य वन संरक्षक आलोक कुमार तिवारी एवं वन मंडलाधिकारी बस्तर उत्तम कुमार गुप्ता सर के मार्गदर्शन में एवं बस्तर के उप वन मंडलाधिकारी आईपी बंजारे के नेतृत्व में वन परिक्षेत्र अधिकारी भानपुरी लालसाय मरकाम, परिक्षेत्र सहायक बनियागांव बुदरूराम कश्यप, परिसर रक्षक बनियागांव अरुण नाग की टीम स्थल में पहुंचकर कार्रवाई की। स्थल में 16 चक्का वाहन यूपी 75 सीटी 5458 में हल्दू एवं तेंदू के लट्ठा जप्त किया गया, जिसका मेजरमेंट करने पर 24 लट्ठा 11.584 घन मीटर प्राप्त हुआ और काष्ठ की लागत लगभग 6 लाख रूपए बताई जा रही है। इस दौरान वाहन चालक उत्तरप्रदेश इटावा जिले के ग्राम रीतोर 33 वर्षीय अनुज कुमार काष्ठ के साथ पकड़ाए, जिस पर वन अधिनियम से कार्रवाई की जा रही एवं ट्रक को राजसात करने की प्रयास किया जा रहा है।

■ ट्रक को राजसात व वाहन चालक पर की जा रही कार्रवाई

### पेड़ों की कटाई व अवैध परिवहन को रोकें

बस्तर के वन मण्डलाधिकारी उत्तम कुमार गुप्ता ने बताया कि क्षेत्र के रेंजर एवं मैदानी अधिकारियों को निर्देश दिया कि वे पेड़ों की कटाई एवं अवैध परिवहन को रोकें। पेड़ों की अवैध कटाई और उनके अवैध परिवहन को रोकना पर्यावरण की सुरक्षा के लिए अत्यंत महत्वपूर्ण है। यह एक गंभीर अपराध है जो पारिस्थितिक संतुलन को बिगाड़ता है।

### वन अपराधों पर करें नियंत्रण

बस्तर वृत्त के मुख्य वन संरक्षक आलोक कुमार तिवारी ने बताया कि वनों का संरक्षण एवं सुरक्षा विभाग की प्राथमिक जिम्मेदारी है। वन अपराधों पर नियंत्रण करने का निर्देश दिया गया है, अनदेखा पर नियमानुसार कार्रवाई की जाएगी।

# किसानों के हिस्से की खाद इधर-उधर करने वालों पर 21 दिन का प्रतिबंध

हरिभूमि न्यूज ⏭ जगदलपुर

किसानों के लिए निर्धारित उर्वरक की आपूर्ति व्यवस्था में गड़बड़ी करने वाले कारोबारियों पर प्रशासन ने सख्त कार्रवाई करते हुए स्पष्ट संदेश दिया है कि अब नियमों से खिलवाड़ महंगा पड़ेगा। जिले को 22 अप्रैल को प्राप्त यूरिया उर्वरक रेक के वितरण की समीक्षा के दौरान गंभीर अनियमितताएं उजागर हुईं, जिसके बाद संबंधित फर्म मेसर्स भानु कृषि सेवा केंद्र सोनारपाल ब्लाक बस्तर के थोक व्यवसाय पर 21 दिनों का विक्रय प्रतिबंध लागू कर दिया गया।

■ खाद माफियाओं को सीधा संदेश, अब एक गलती और कारोबार बंद

निरीक्षण में यह सामने आया कि उर्वरक का वितरण व्यवस्थित एवं निर्धारित योजना के अनुरूप नहीं किया गया। जिले के निजी उर्वरक विक्रेताओं के लिए आवंटित 100.80 मीट्रिक टन उर्वरक को अन्य जिले में परिवहन कर दिया गया। यह केवल प्रशासनिक चूक नहीं, बल्कि किसानों के अधिकारों पर सीधा प्रहार माना गया। साथ ही बिना आईएफएमएस ⏭ शेष पेज 12 पर

### कार्रवाई की पूरी कहानी

22 अप्रैल 2026 को जिले को यूरिया उर्वरक रेक प्राप्त हुआ और वितरण व्यवस्था का निरीक्षण किया गया।निरीक्षण में उर्वरक वितरण अव्यवस्थित और तय योजना के विपरीत पाया गया।जिले के लिए आवंटित 100.80 मीट्रिक टन उर्वरक को अन्य जिले भेजे जाने की पुष्टि हुई।बिना आईएफएमएस आईडी के सीधे खुदरा विक्रेताओं को विक्रय किया गया।प्रस्तुत अभिलेखों और वास्तविक वितरण प्रक्रिया में गंभीर विरोधाभास मिला।संबंधित फर्म के थोक व्यवसाय पर 21 दिनों का विक्रय प्रतिबंध लागू किया गया। 4 मई 2026 तक स्पष्टीकरण मांगा गया, अन्यथा आगे कठोर कार्रवाई तय है।

# अस्पताल में रोज 450 से अधिक मरीज पहुंच रहे, ओपीडी फुल

हरिभूमि न्यूज ⏭ जगदलपुर

भीषण गर्मी और लू के कारण जिला अस्पतालों में उल्टी-दस्त और पेट दर्द के मरीजों की संख्या में भारी वृद्धि हुई है। शहर के शासकीय जिला महारानी अस्पताल की ओपीडी में प्रतिदिन 450 से अधिक मरीज आ रहे हैं, जिनमें से 150 मरीज गर्मी जनित बीमारियों से प्रभावित रहते हैं। शहर के शासकीय जिला महारानी अस्पताल की ओपीडी में बुधवार को मरीजों की भारी भीड़ दिखी। ओपीडी में इलाज कराने पहुंचे कुछ मरीजों ने बताया कि दो दिनों से पेट में दर्द व दस्त की समस्या है, समस्या ज्यादा बढ़ने पर दवा लेने आए हैं। महिला मरीज ने बताया कि खाना खाते ही उल्टी आ जाती है, भोजन पचता नहीं है, चिकित्सक ने दवा लिखी है। चिकित्सक को दिखाने के लिए इंतजार कर रही थे। बताया जा रहा है कि गर्मी एवं गर्म हवाओं के कारण उल्टी-दस्त के मरीजों की संख्या बढ़ी है। मरीजों को सादा खाना खाने और तली-भुनी पदार्थों का सेवन न करने का सुझाव दिया जा रहा है। ऐसे में मरीजों की संख्या बढ़ गई है, बुधवार को 450 मरीजों की ओपीडी हुई, जिसमें ⏭ शेष पेज 12 पर

■ गर्मी के चलते अस्पताल में उल्टी-दस्त व लू पीड़ितों की संख्या



### खाली पेट घर से बाहर न निकले

महारानी अस्पताल के सिविल सर्जन डॉ. संजय प्रसाद ने बताया कि अस्पताल में दवाएं व्याप्त उपलब्ध है। गर्मी के मौसम में बेवजह बाहर नहीं निकलना चाहिए। यदि जरूरी काम से जाना है तो घर से खाली पेट बाहर न निकलें, ओआरएस का घोल पीकर ही जाएं। साथ में भी बोतल में ओआरएस का घोल रखें। एकाएक धूप से आकर ठंडा पानी पीने से बचना चाहिए। कमजोरी एवं थकान होने पर तत्काल चिकित्सक को दिखाना चाहिए।

# सूखे नशे मामले का फरार मुख्य आरोपी गिरफ्तार



हरिभूमि न्यूज ⏭ बीजापुर

कोतवाली पुलिस द्वारा सूखे नशे के विरुद्ध चलाए जा रहे अभियान के तहत महत्वपूर्ण सफलता प्राप्त करते हुए करीब एक माह पूर्व पंजीबद्ध मामले में फरार चल रहे मुख्य आरोपी आकाश ठाकुर को गिरफ्तार किया गया है।

■ एक माह से पुलिस कर रही थी तलाश

पुलिस के अनुसार आरोपी द्वारा कारवॉश सेंटर की आड़ में सूखे नशे का अवैध कारोबार संचालित किया जा रहा था। पूर्व में की गई कार्रवाई के दौरान उक्त कारवॉश सेंटर से गोली, कैप्सूल एवं थिनर जैसी नशे की सामग्रियां बरामद की गई थीं। प्रकरण में आरोपी आकाश ठाकुर के सहयोगी धर्मेन्द्र कुमार को गिरफ्तार किया जा चुका है। मुखबिर से प्राप्त सूचना के आधार पर कोतवाली पुलिस टीम द्वारा दबिश देकर मुख्य आरोपी आकाश ठाकुर को जिला दंतेवाड़ा से गिरफ्तार किया गया। आरोपी के अन्य सहयोगियों एवं पूरे नेटवर्क के संबंध में विस्तृत जांच जारी है तथा उनके कच्चा-चिट्ठा खंगाला जा रहा है। बीजापुर पुलिस द्वारा सूखे नशे के विरुद्ध पिछले कुछ महीनों में लगातार प्रभावी कार्रवाई की गई। कई आरोपियों के विरुद्ध प्रतिबंधात्मक कार्रवाई भी की गई है।

## 1038 चयनित युवा, 200 आत्मसमर्पित माओवादी और राष्ट्रीय स्तर के मेंटर्स एक मंच पर

# बस्तर में सजेगा 'इनोवेशन महाकुंभ 1.0', शीर्ष संस्थानों के विशेषज्ञ देंगे दिशा

हरिभूमि न्यूज ⏭ जगदलपुर

शहीद महेंद्र कर्मा विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. मनोज श्रीवास्तव बुधवार को मीडिया से रूबरू हुए। उन्होंने बस्तर संभाग के युवाओं को तकनीकी नवाचार,उद्यमिता और स्वरोजगार के क्षेत्र में राष्ट्रीय पहचान दिलाने की दिशा में एक ऐतिहासिक पहल होने जा रही है। 4 और 5 मई को शहीद महेंद्र कर्मा विश्वविद्यालय में 'इनोवेशन महाकुंभ 1.0' का आयोजन किया जाएगा, जिसमें बस्तर के 1038 चयनित युवाओं को नवाचार और स्टार्टअप की बारीकियां सिखाने के लिए आईआईटी भिलाई और आईआईटी मद्रास के विशेषज्ञ पहुंचेंगे। यह आयोजन केवल एक कार्यक्रम नहीं, बल्कि बस्तर के भविष्य को नई दिशा देने वाला परिवर्तनकारी अभियान माना जा रहा है। विश्वविद्यालय के अकादमिक भवन में आयोजित प्रेस वार्ता में कुलपति प्रो. श्रीवास्तव ने बताया कि इस दो दिवसीय आयोजन के लिए बस्तर संभाग से साढ़े सात हजार से अधिक युवाओं ने पंजीयन कराया। इनमें से 1038 युवाओं का चयन महाकुंभ के लिए किया गया है, जबकि शेष प्रतिभागी लाइव स्ट्रीमिंग के माध्यम से कार्यक्रम से जुड़ेंगे। चयनित ⏭ शेष पेज 12 पर

■ 4 और 5 मई को शहीद महेंद्र कर्मा विश्वविद्यालय बनेगा तकनीक, स्टार्टअप और उद्यमिता का केंद्र



### उद्घाटन राज्यपाल, समापन मुख्यमंत्री करेंगे

कुलपति ने बताया उद्घाटन सत्र में राज्यपाल रामेन डेका अध्यक्षता करेंगे,जबकि समापन सत्र में मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय शामिल होंगे। समापन अवसर पर विश्वविद्यालय परिसर में अटल द्वार और माता अहिल्याबाई होल्कर मार्ग का उद्घाटन भी किया जाएगा। आयोजन को भारत सरकार के केंद्रीय मानव संसाधन मंत्रालय,छत्तीसगढ़ शासन के विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी विभाग तथा वन एवं जलवायु परिवर्तन विभाग का सहयोग प्राप्त है।

### क्यों महत्वपूर्ण है 'इनोवेशन महाकुंभ 1.0'

बस्तर जैसे सुदूर वनांचल क्षेत्र में प्रतिभाओं की कोई कमी नहीं, लेकिन अवसरों और मंच की अनुपलब्धता अक्सर युवाओं की क्षमता को सीमित कर देती है। 'इनोवेशन महाकुंभ 1.0' इसी अंतर को पाटने का प्रयास है। यह आयोजन केवल प्रशिक्षण कार्यक्रम नहीं, बल्कि एक ऐसा मंच है जहां स्थानीय जरूरतों के अनुरूप आर्थिक मॉडल, स्टार्टअप संस्कृति और रोजगार के नए अवसरों की रूपरेखा तैयार होगी। आत्मसमर्पित माओवादियों की भागीदारी इसे सामाजिक पुनर्वास के दृष्टिकोण से भी अद्वितीय बनाती है। यदि यह पहल सफल होती है, तो बस्तर न केवल नवाचार का केंद्र बनेगा,बल्कि देश के सामने एक प्रेरक मॉडल के रूप में उभरेगा।




## खबर संक्षेप

### ईश्वराम्मा दिवस सप्ताह आज से

**जगदलपुर।** श्री सत्य साई सेवा समिति द्वारा ईश्वराम्मा दिवस सप्ताह 30 अप्रैल से 6 मई तक मनाया जाएगा। गुरूवार से प्रतिदिन में संध्या 6 से 6.30 तक वेद पाठ, 6.30 से 7 तक सामूहिक भजन 7 से 7.20 तक से सत्य साई दिव्या संदेश 7.20 से 7.55 तक किया जाएगा। समिति के संयोजक मुकेश रायकवार ने बताया कि शहर एवं ग्राम के विभिन्न बाल विकास केंद्र के बच्चों द्वारा सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुति एवं पुरस्कार वितरण 7.55 से 8 बजे तक महामंगल आरती एवं प्रसाद वितरण किया जाएगा। रविवार को गोद ग्राम हल्बाकचोरा में विभिन्न ग्राम के बाल विकास बच्चों एवं बाल विकास गुरु तथा ग्रामीणों के लिए के लिए आनंद मेला एवं इसके साथ बच्चों के लिए खेलकूद रंगोली प्रतियोगिता भजन आदि कार्यक्रम का आयोजन किया जाएगा। सोमवार को समिति में रंगोली एवं चित्रकला प्रतियोगिता का आयोजन एवं मंगलवार को मातृका पूजन का आयोजन समिति में किया जाएगा। जिसमें बाल विकास बच्चों के माता-पिता एवं अपने घर के बड़े बुजुर्गों का पूजा तथा सम्मान करेंगे। बुधवार को सुबह 5.30 पर मंदिर में ओमकाराम सुप्रभातम ज्योतिर ध्यान कर नगर संकीर्तन निकल जाएगा जो शहर के प्रमुख मार्गो से होते हुए मंदिर में संपूर्ण होगा तत्पश्चात मंदिर में ध्वजारोहण किया जाएगा। सुबह 11.30 बजे से दोपहर 3 बजे तक महानारायण (भंडारा) सेवा भंडारा का आयोजन किया जाएगा, संध्या 6 बजे से रात्रि 8 बजे तक भजन, सर्वधर्म प्रार्थना, दिव्या संदेश, सांस्कृतिक एवं पुरस्कार वितरण, महामंगल आरती एवं प्रसाद वितरण द्वारा कार्यक्रम संपूर्ण होगा।

### रामलला दर्शन के लिए 87 तीर्थयात्री रवाना



**जगदलपुर।** छत्तीसगढ़ शासन द्वारा संचालित श्रीरामलला दर्शन योजना के तहत 28 अप्रैल की शाम को बस्तर जिले के कुल 87 तीर्थ यात्रियों को टाउन हॉल के सामने बस से रवाना किया गया। यात्रियों को दुर्ग के लिए रवाना करते समय नगर निगम सभापति खेम सिंह देवांगन, रामलला यात्रा समिति के सदस्य रामाश्रय सिंह ने श्रीरामलला दर्शन योजना के यात्रियों को पुष्प भेंट कर सुखद यात्रा की शुभकामनाएं दी। जिले में श्रीरामलला दर्शन योजना समिति के सदस्य एवं अन्य अधिकारियों के मार्गदर्शन एवं नेतृत्व में हरी झंडी दिखाकर रवाना किया गया है।

कोदईमाता मंदिर में पूजा-अर्चना कर प्रदेश की सुख-समृद्धि की कामना की गई

# खूटपदर वार्षिक मेले में उमड़ी भीड़ परंपरा और आस्था का बना उत्सव

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जगदलपुर



ग्राम खूटपदर में आयोजित ऐतिहासिक वार्षिक मेला इस वर्ष भी आस्था,परंपरा और सांस्कृतिक वैभव का अद्भुत केंद्र बना। कोदईमाता मंदिर परिसर में इस भव्य मेले में हजारों श्रद्धालुओं की उपस्थिति रही। बस्तर अंचल की सांस्कृतिक आत्मा माने जाने वाले इस मेले में जनप्रतिनिधियों की भागीदारी ने उत्सव को और अधिक जीवंत बना दिया।

- जनसंवाद के माध्यम से ग्रामीणों की समस्याएं सुनीं, समाधान के लिए अधिकारियों को दिए निर्देश

वार्षिक मेले में भाजपा प्रदेश अध्यक्ष एवं विधायक किरण देव तथा सांसद महेश कश्यप शामिल हुए। दोनों जनप्रतिनिधियों ने कोदईमाता मंदिर पहुंचकर पूजा-अर्चना की और छत्तीसगढ़ प्रदेश व बस्तर की सुख-समृद्धि, शांति और विकास की कामना की। इस अवसर पर धार्मिक श्रद्धा के साथ सामाजिक सरोकारों की भी झलक देखने को मिली।

मेले के दौरान ग्रामीणों ने पारंपरिक रीति-रिवाजों के साथ तिलक लगाकर अतिथियों का स्वागत एवं अभिनंदन किया। इस आत्मीय स्वागत ने मेले के सांस्कृतिक महत्व को और अधिक रेखांकित किया। जनप्रतिनिधियों ने ग्रामीणों से सीधा संवाद कर उनकी समस्याएं सुनीं और संबंधित अधिकारियों को त्वरित समाधान के लिए आवश्यक निर्देश भी दिए।

किरण देव ने कहा कि खूटपदर के कोदईमाता मंदिर में आयोजित यह ऐतिहासिक वार्षिक मेला केवल एक धार्मिक आयोजन नहीं,बल्कि बस्तर की सांस्कृतिक पहचान का प्रतीक है। उन्होंने कहा कि बस्तर के मेला और मंडई हमारी परंपराओं, लोकजीवन, कला और सामाजिक एकता के जीवंत मंच हैं। ऐसे आयोजनों से हमारी सांस्कृतिक धरोहर सशक्त होती है और नई पीढ़ी को अपनी जड़ों से जुड़ने का अवसर मिलता है।सांसद महेश कश्यप ने भी मेले में उपस्थित जनसमूह को शुभकामनाएं देते हुए कहा कि बस्तर की सांस्कृतिक परंपराएं देशभर में विशिष्ट पहचान रखती हैं। उन्होंने मेले को सामाजिक समरसता और लोक आस्था का अनूठा संगम बताया।

#### ये रहे मौजूद

इस अवसर पर उपाध्यक्ष पुरुषोत्तम कश्यप, मंडल प्रभारी रजनीश पाणिग्राही, सुब्रतो विश्वास, मंडल अध्यक्ष महेन्द्र सेठिया, सीमांचल दास, सरपंच सुकलधर, महामंत्री राजेश शर्मा,मनोज पटेल,राधे पन्द्रे, रूपेश समरथ, गणेश नागवंशी, राधे सेठिया सहित बड़ी संख्या में लोग उपस्थित रहे।

# एकलव्य आदर्श आवासीय विद्यालय कोडेनार बना शिक्षा और प्रतिभा का केंद्र



हरिभूमि न्यूज ▶▶| जगदलपुर

शिक्षा, खेल, संस्कृति और प्रतियोगी परीक्षाओं में निरंतर उत्कृष्ट प्रदर्शन के चलते एकलव्य आदर्श आवासीय विद्यालय कोडेनार जिले का अग्रणी संस्थान बनकर उभरा है।

- अन्य विद्यालयों के छात्र भी दाखिले को हो रहे उत्सुक

विद्यालय की उपलब्धियां जिले के अलावा आसपास के क्षेत्रों में भी नई पहचान स्थापित की है।

हाल ही में विद्यालय की पूर्व छात्रा प्रसिद्धि जो वर्तमान में जवाहर नवोदय विद्यालय जगदलपुर में अध्ययनरत है मेरिट सूची में 85 प्रतिशत से अधिक अंक होने पर कक्षा 11वीं में एकलव्य विद्यालय कोडेनार में प्रवेश लेने की इच्छा जताई है। छात्रा ने विद्यालय प्रशासन को प्रार्थना पत्र देकर यहां की उच्च गुणवत्ता शिक्षा, अनुशासन और समग्र विकास के वातावरण की सराहना की है।

विद्यालय के छात्रों ने भोपाल और चनकापुर मध्य प्रदेश, नीट एवं आईआईटी कोचिंग चयन में भी सफलता प्राप्त की है। विज्ञान एवं संगीत विषयों में भी विद्यार्थियों ने उल्लेखनीय प्रदर्शन किया है।

इसके अतिरिक्त खेलकूद, सांस्कृतिक कार्यक्रमों, स्काउट-गाइड एवं जिला तथा संभाग स्तरीय प्रतियोगिताओं में सर्वाधिक पुरस्कार जीतकर संस्थान का नाम रोशन किया है।

# 30 साल सेवा, फिर भी पेंशन शून्य शिक्षकों के साथ अन्याय का आरोप

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जगदलपुर

वर्षों तक विद्यालयों में शिक्षा की मशाल जलाने वाले हजारों शिक्षक आज सेवानिवृत्ति के बाद आर्थिक असुरक्षा की मार झेल रहे हैं। संविलियन नीति की खामियों के कारण बड़ी संख्या में ऐसे शिक्षक "जीरो पेंशन" की स्थिति में पहुंच रहे हैं, जिन्होंने 25 से 30 वर्षों तक

- संविलियन नीति की खामी से हजारों शिक्षक आर्थिक असुरक्षा के दायरे में

अपनी सेवाएं दीं,लेकिन अब उन्हें न्यूनतम पेंशन तक का लाभ नहीं मिल पा रहा है। इस गंभीर मुद्दे को लेकर शिक्षकों के संगठनों ने सरकार से तत्काल हस्तक्षेप की मांग की है।

एसोसिएशन के प्रदेश उपाध्यक्ष प्रवीण श्रीवास्तव ने जारी बयान में कहा कि वर्ष 2018 में हुए संविलियन के दौरान शिक्षकों की पूर्व सेवा अवधि को पेंशन योग्य सेवा में शामिल नहीं किया गया। इसी कारण 2028 से पहले सेवानिवृत्त होने वाले हजारों शिक्षक न्यूनतम पेंशन से भी वंचित रह गए हैं। उन्होंने इसे केवल प्रशासनिक त्रुटि नहीं, बल्कि गंभीर सामाजिक अन्याय बताया।

अंतिम वेतन लाख के करीब, फिर भी पेंशन शून्य,दशकों की सेवा के बाद सम्मानजनक जीवन का अधिकार अधूरा,वर्तमान



प्रावधानों के अनुसार संविलियन के बाद 10 वर्ष की सेवा पूरी होने पर ही न्यूनतम पेंशन का अधिकार बनता है। चूंकि अधिकांश शिक्षकों का संविलियन 2018 में हुआ, इसलिए 2028 से पहले रिटायर होने वाले शिक्षक इस पात्रता से बाहर हो रहे हैं। यही कारण है कि 1998, 1999 और 2005 से सेवा दे रहे शिक्षक भी सेवानिवृत्ति के बाद शून्य पेंशन की श्रेणी में पहुंच रहे हैं। स्थिति की गंभीरता इस बात से समझी जा सकती है कि जिन शिक्षकों का अंतिम वेतन 80 से 90 हजार रुपये तक पहुंचता है, वे रिटायरमेंट के अगले ही माह न्यूनतम आर्थिक सुरक्षा से भी वंचित हो जाते हैं।

# फिट बस्तर-हिट बस्तर अभियान को मिल रहा जनसमर्थन

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जगदलपुर

पतंजलि योग समिति के तत्वावधान में चल रहे 21 दिवसीय इंटीग्रेटेड मेगा योग शिविर के आठवें दिन नगर के 21 स्थलों पर उत्साह और सहभागिता का प्रभावशाली दृश्य देखने को मिला। पतंजलि योगपीठ हरिद्वार के निर्देशन में 103 योग

- 21 स्थानों पर चल रहे 21 दिवसीय योग शिविर में स्वास्थ्य जागरूकता का दिखा उत्साहपूर्ण माहौल
- असमय बीमारियों से बचाव के लिए योग,खानपान और आयुर्वेदिक उपायों पर दिया जा रहा विशेष मार्गदर्शन

शिक्षकों द्वारा संचालित इस विशेष अभियान को "फिट बस्तर–हिट बस्तर" मूवमेंट के रूप में आगे बढ़ाया जा रहा है। "स्वास्थ्य ही संपदा" थीम पर आधारित यह शिविर नगर में जनजागरण का स्वरूप ले चुका है। बुधवार को कलेक्टर आकाश छिकारा योग शिविर में पहुंचे।

योग शिविर का उद्देश्य केवल शारीरिक अभ्यास तक सीमित नहीं है, बल्कि आधुनिक जीवनशैली से



जुड़ी गंभीर स्वास्थ्य चुनौतियों के समाधान की दिशा में सामूहिक प्रयास भी है। असमय हार्ट अटैक,शुगर,उच्च रक्तचाप, मोटापा जैसी समस्याओं से जूझ रहे युवाओं को विशेष रूप से योग, संतुलित आहार, घरेलू उपचार, आयुर्वेदिक सलाह और हेल्थ टिप्स के माध्यम से जागरूक किया जा रहा है। यही कारण है कि युवा वर्ग की बढ़ती भागीदारी इस अभियान की सबसे बड़ी उपलब्धि बनकर सामने आई है।

शहर के विभिन्न सामाजिक, सांस्कृतिक और आध्यात्मिक संगठनों के सहयोग से यह आयोजन विराट रूप ले चुका है। कायस्थ समाज, आंध्र समाज, पंजाब सनातन सभा, भोजपुरी समाज, देवांगन समाज, सिंधी समाज, धाकड़ समाज, गायत्री परिवार, आदित्य वाहिनी और आनंद वाहिनी जैसे अनेक संगठनों ने अपने-अपने क्षेत्रों में शिविर संचालन को मजबूत आधार दिया है। लालबाग, पथरागुड़ा, आमागुड़ा, नयामुंडा, रेलवे कॉलोनी, कालीपुर रोड, धरमपुरा, चित्रकोट रोड, विश्वविद्यालय परिसर और अन्य स्थानों पर नियमित रूप से योग सत्र आयोजित किए जा रहे हैं।

भारत स्वाभिमान न्यास के जिला स्तर पर जुड़े पदाधिकारियों के अनुसार बड़ी संख्या में लोग योग से जुड़ रहे हैं, जो समाज में स्वास्थ्य के प्रति बढ़ती चेतना का संकेत है। योग शिविरों में केवल अभ्यास ही नहीं, बल्कि एक्यूप्रेसर और गंभीर बीमारियों के घरेलू व आयुर्वेदिक उपचार की जानकारी भी दी जा रही है, जिससे लोगों को समग्र स्वास्थ्य की दिशा में मार्गदर्शन मिल रहा है।

अभियान से जुड़े समन्वयकों ने बताया कि प्रशासन और समाज प्रमुखों के सहयोग से यह आयोजन सफलता की ओर बढ़ रहा है और आने वाले दिनों में इसका प्रभाव और व्यापक होगा। इस पहल ने स्वास्थ्य को जनांदोलन का स्वरूप देने की दिशा में उल्लेखनीय उदाहरण प्रस्तुत किया है।

नगर में संचालित इस अभियान की सफलता में पतंजलि योग के छत्तीसगढ़ प्रमुख डॉ. मनोज पाणिग्राही,भारत स्वाभिमान न्यास के जिला प्रभारी जितेंद्र मिश्रा सहित बी जयराम,दिगंबर राव, प्रेमचंद मिश्रा, एल शिव प्रसाद,दौलत सिंह,पुखराज ठाकुर, जय गोपाल सरकार, संकेत सिंह, राजेंद्र देवांगन, गायत्री बड़कस, मुन्नी सिंह, बबीता पांडेय, रतन व्यास, नीलू मलिक, गेंदराम साहू, भानु प्रताप साहू, नीलमणि साहू, अंजली मिश्रा, वैभव यादव, फूल सिंह साहू, संतोष नामदेव, डॉ लक्ष्मण प्रसाद, मीना नेताम, लक्ष्मी मंडल,माही श्रीवास्तव, गीता श्रीवास्तव, हेमा शर्मा, जितेंद्र नाथ, अरुण कुमार,डॉ अनिल मल्होत्रा, तनय पांडेय, राकेश समारथ, राजेश चावड़ा, डुला लचवानी, रवींद्र कुमार और रमेश चावड़ा सहित बड़ी संख्या में नागरिकों का योगदान रहा।

#### योग बना जनस्वास्थ्य का नया अभियान

मेगा योग शिविर केवल एक आयोजन नहीं, बल्कि सामुदायिक स्वास्थ्य चेतना का मजबूत संदेश बनकर उभरा है। युवाओं की बढ़ती भागीदारी यह स्पष्ट कर रही है कि समाज अब रोग होने के बाद इलाज नहीं, बल्कि पहले से बचाव की संस्कृति को अपनाने की ओर अग्रसर है। योग,आयुर्वेद,संतुलित आहार और अनुशासित दिनचर्या को जीवनशैली का हिस्सा बनाने की यह मुहिम आने वाले समय में स्वस्थ और जागरूक समाज की नींव मजबूत करेगी।

मांगों पर कार्यपालक निदेशक ने दिया सकारात्मक आश्वासन

# सीएसपीडीसीएल प्रबंधन व कर्मचारी संघ के मध्य हुई द्विपक्षीय वार्ता

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जगदलपुर

छत्तीसगढ़ स्टेट पॉवर डिस्ट्रीब्यूशन कंपनी लिमिटेड के क्षेत्रीय कार्यालय में मंगलवार को प्रबंधन और स्टेट पॉवर कंपनीज कार्यालयीन कर्मचारी संघ के मध्य एक महत्वपूर्ण द्विपक्षीय वार्ता संपन्न हुई। यह बैठक संघ द्वारा पूर्व में प्रेषित मांग पत्र के संदर्भ में आयोजित की गई थी।

बैठक में संघ के पदाधिकारियों ने कार्यपालक निदेशक के समक्ष कर्मचारियों की 17 सूत्रीय मांगों को विस्तार से रखा। चर्चा के दौरान बस्तर क्षेत्र में कार्यालयीन कैडर के लगभग 52 फीसदी पद रिक्त होने के कारण कर्मचारियों पर बढ़ते



अतिरिक्त कार्यभार की समस्या से अवगत कराया गया। वर्तमान में उपयोग किए जा रहे पुराने कंप्यूटर और प्रिंटर को बदलकर नए सिस्टम उपलब्ध कराने की मांग की गई। जोनवार वरिष्ठता सूची जारी करने वाले आदेश को निरस्त कर केंद्रीयकृत सूची बहाल करने हेतु प्रबंधन से पहल करने का आग्रह किया गया। फील्ड कार्यालयों में पृथक शौचालयों का निर्माण और गर्मी के मौसम को देखते हुए कूलर व पंखों की समुचित व्यवस्था सुनिश्चित करने की मांग रखी गई। बैठक में संघ की ओर से अध्यक्ष गगनराज हिरवानी, महामंत्री धर्मेन्द्र कुमार देवागन, हेमेश्वर पोया, मनोज गुप्ता, उमेश्वर जैन एवं अन्य पदाधिकारी शामिल रहे।

# बस्तर के बोर्ड परिणाम में ऐतिहासिक सुधार

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जगदलपुर

छत्तीसगढ़ माध्यमिक शिक्षा मण्डल रायपुर द्वारा आयोजित वर्ष 2026 की हाईस्कूल और हायर सेकेण्डरी बोर्ड मुख्य परीक्षा के परिणाम घोषित कर दिए गए हैं, जिसमें बस्तर जिले ने सफलता के नए प्रतिमान स्थापित किए हैं। जिला शिक्षा अधिकारी कार्यालय द्वारा साझा की गई जानकारी के अनुसार इस वर्ष हाईस्कूल सर्टिफिकेट परीक्षा में जिले का कुल उत्तीर्ण प्रतिशत 90.60 रहा, जबकि हायर सेकेण्डरी में विद्यार्थियों ने और भी बेहतर प्रदर्शन करते हुए 92.34 प्रतिशत सफलता हासिल की है। यह परिणाम न केवल जिले की शैक्षणिक प्रगति को दर्शाते हैं, बल्कि पिछले वर्ष की तुलना में एक बड़ी उपलब्धि की ओर भी इशारा करते हैं। तुलनात्मक रूप से देखा जाए तो वर्ष 2026 में हाईस्कूल के उत्तीर्ण प्रतिशत में 1.78 प्रतिशत और हायर सेकेण्डरी के परिणाम में 4.96 प्रतिशत की उत्साहजनक वृद्धि दर्ज की गई है। जिले के विद्यार्थियों के इस प्रदर्शन में सबसे उल्लेखनीय पहलू गुणवत्तापूर्ण शिक्षा की ओर बढ़ता झुकाव है, जिसका प्रमाण प्रथम श्रेणी में उत्तीर्ण होने वाले छात्रों की बढ़ती संख्या है। इस वर्ष हाईस्कूल में प्रथम श्रेणी से उत्तीर्ण होने वाले विद्यार्थियों के प्रतिशत में गत वर्ष की तुलना में 13.20 प्रतिशत की वृद्धि हुई है, वहीं हायर सेकेण्डरी में यह वृद्धि और भी प्रभावी रही, जहाँ 21.97 प्रतिशत अधिक छात्रों ने प्रथम श्रेणी में स्थान प्राप्त किया। आंकड़ों का विश्लेषण करने पर स्पष्ट होता है कि दोनों ही स्तरों पर छात्राओं ने छात्रों की तुलना में बाजी मारी है। हाईस्कूल की परीक्षा में जहाँ 88.08 प्रतिशत बालक सफल हुए, वहीं बालिकाओं का प्रतिशत 92.97 रहा। इसी तरह हायर सेकेण्डरी परीक्षा में 90.78 प्रतिशत बालकों की तुलना में 93.60 प्रतिशत बालिकाओं ने सफलता का परचम लहराया है। जिले की इस सामूहिक सफलता में बड़ी संख्या में विद्यार्थियों का योगदान रहा। हाईस्कूल की परीक्षा के लिए 8,842 परीक्षार्थी शामिल हुए थे, जिनमें से 7,992 छात्र सफल घोषित किए गए। वहीं हायर सेकेण्डरी में कुल 6,977 प्रविष्ट परीक्षार्थियों में से 6,433 छात्रों ने परीक्षा उत्तीर्ण की। इन परिणामों में प्रथम श्रेणी में आने वाले छात्रों की संख्या भी काफी अधिक है, जिसमें हाईस्कूल के 4,990 छात्र और हायर सेकेण्डरी के 4,392 छात्र शामिल हैं। जिला शिक्षा अधिकारी बीआर बघेल ने इन शानदार परिणामों को क्षेत्र में शिक्षा के प्रति बढ़ती जागरूकता और शिक्षकों के अथक प्रयास का परिणाम निरूपित किया।

# खाद-बीज की उपलब्धता पर करें नियमित कार्यवाही : निगार

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जगदलपुर

कृषि उत्पादन आयुक्त शहला निगार ने किसानों की मांग के अनुरूप बीज-खाद और फसल ऋण की उपलब्धता सुनिश्चित करने को कहा। बीज-खाद का लक्ष्य के अनुरूप भंडारण एवं निर्धारित नवीन

- उर्वरक के विकल्प के रूप में हरी खाद, नील हरित काई एवं जैव उर्वरक के उपयोग को प्रोत्साहित करने पर जोर



उर्वरक वितरण प्रणाली के माध्यम से किसानों को उर्वरक प्रदाय किया जाए। खाद-बीज के गुण नियंत्रण के लिए नियमित तौर पर निरीक्षण करने सहित जांच एवं कार्यवाही अनिवार्य रूप से किया जाए। उन्होंने अधिकारियों को खाद-बीज और फसल ऋण सुलभता की नियमित तौर पर समीक्षा करने सहित किसान क्रेडिट कार्ड में अद्यतन प्रगति लाए जाने के निर्देश दिए।

उन्होंने उर्वरक के विकल्प के तौर पर हरी खाद, नील हरित काई एवं जैव उर्वरक के उपयोग के लिए भी अधिकाधिक किसानों को प्रोत्साहित करने कहा और आवश्यक इनपुट उपलब्ध कराए जाने के निर्देश दिए। साथ ही पशुपालन, कुक्कुटपालन, सूकरपालन, बकरापालन सहित मत्स्यपालन और उद्यानिकी फसलों की खेती इत्यादि आनुषांगिक सेक्टरों के लिए किसान क्रेडिट कार्ड प्रदाय पर ध्यान केंद्रित करने के निर्देश दिए। उन्होंने नियद नेल्लानार क्षेत्रों में सभी योजनाओं का सेचुरेशन पर जोर देते हुए वर्तमान में सुशासन तिहार, बस्तर मुन्ने और विकसित कृषि संकल्प अभियान शिविरों में व्यापक प्रचार-प्रसार किए जाने कहा। बैठक में बस्तर संभाग के अंतर्गत किसानों को लघु सिंचाई साधन की उपलब्धता हेतु प्रधानमंत्री कृषि सिंचाई योजना, किसान समृद्धि योजना, सौर सुजला योजना के क्रियान्वयन तथा सिंचाई पम्पों के विद्युतीकरण की भी समीक्षा की गई।

इस दौरान कमिश्नर डोमन सिंह ने बस्तर संभाग में कृषि विकास एवं आनुषांगिक विभागों उद्यानिकी, पशुपालन, मत्स्यपालन को सर्वोच्च प्राथमिकता देने पर बल देते हुए इस दिशा में सभी अधिकारियों को बेहतर प्रदर्शन करने के निर्देश दिए। बैठक में बस्तर, दंतेवाड़ा, कोण्डागांव, सुकमा, बीजापुर एवं नारायणपुर के कलेक्टर और कांकेर के सीईओ जिला पंचायत ने अपने जिले में कृषि तथा संबंधित विभागों के योजनाओं के क्रियान्वयन प्रगति, खरीफ फसल कार्यक्रम कार्ययोजना के क्रियान्वयन तैयारी सहित नवाचारों के बारे में अवगत कराया। बैठक में संचालक कृषि राहुल देव, प्रबंध संचालक बीज विकास निगम अजय अग्रवाल सहित उद्यानिकी, मत्स्यपालन, पशुपालन, मार्कफेड, अपेक्स बैंक के वरिष्ठ अधिकारी और सभी जिलों के सीईओ जिला पंचायत सहित कृषि एवं संबद्ध विभागों के अधिकारी मौजूद रहे।

